146. **सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, सात तलों वाले एक भवन में विभिन्न तलों पर रह रहे हैं। B और D के तलों के बीच चार तल हैं, और B, D से ऊपर वाले तल पर रहता है। E और A के तलों के बीच दो तल हैं, और A, E से नीचे वाले तल पर रहता है। C भू-तल पर रहता है। G और F पड़ोसी तल पर रहते हैं। C और F के तलों के बीच दो तल हैं, और F, C से ऊपर वाले तल पर रहता है।**

सबसे ऊपर वाले तल पर कौन रह रहा है?

(a) G (b) D
(c) A (d) B

SSC GD- 09/12/2021 : Shift-II

Ans.(d) : प्रश्नानुसार क्रम व्यस्थित करने पर–




अतः सबसे ऊपर वाले तल पर व्यक्ति B रह रहा है।

147. **छह बच्चे आनंद, बद्री, छाया, ध्रुव, श्रीकर और उमेश उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। उमेश, श्रीकर के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है और छाया के बाएं पड़ोस में खड़ा हैं। बद्री ठीक ध्रुव और छाया के बीच में है। ध्रुव के बाईं ओर चौथे स्थान पर कौन है?**

(a) छाया (b) उमेश
(c) श्रीकर (d) आनंद

SSC GD- 08/12/2021 : Shift-II

Ans.(d) प्रश्नानुसार बैठने का क्रम निम्नवत् है–




अतः ध्रुव के बाईं ओर चौथे स्थान पर आनन्द बैठा है।

148. **P, Q, R, S, T और U छह मित्र हैं, वे एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुँह किए हुए बैठे है। P, R के ठीक बाएँ और S के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। T, R के ठीक दाएँ बैठा है। U, R के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। Q, S के ठीक बाएँ बैठा है। पंक्ति के एकदम दाएँ छोर पर कौन बैठा है?**

(a) Q (b) U
(c) T (d) R

SSC GD- 08/12/2021 : Shift-II

Ans.(c) प्रश्नानुसार बैठने का क्रम निम्नवत् है–




अतः पंक्ति के एकदम दाएँ छोर पर T बैठा है।

149. **सात मित्र A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुंह करके बैठे हैं। B पंक्ति के मध्य में नहीं बैठा है। A, B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G, F के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। C, G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E, B और A के बीच में बैठा है। पंक्ति के मध्य में कौन बैठा है ?**

(a) G (b) D
(c) E (d) F

SSC GD- 08/12/2021 : Shift-I

Ans. (b) : सातों मित्रों के बैठने का क्रम निम्नवत है–




आरेख से स्पष्ट है कि पंक्ति के मध्य में 'D' बैठा है।

150. **पाँच व्यक्ति A, B, C, D और E एक पंक्ति में पश्चिम की ओर मुँह करके बैठे हैं। A और B एक साथ बैठे हैं। C दक्षिणी सिरे पर बैठा है और D उत्तरी सिरे पर बैठा है। E, B और C के बीच में बैठा है। दक्षिण से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?**

(a) E (b) B (c) A (d) C

Ans. (b) : बैठने का क्रम निम्न है–



उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि दक्षिण सिरे से तीसरे स्थान पर B बैठा है।


@Rexstarpdf

151. पांच मित्र एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुंह करके बैठे हुए है। G, I के दाई ओर बगल में बैठा है। F, H के बाई ओर और E के दाईं ओर बगल में बैठा है। यदि H और I एक-दूसरे के बगल में बैठे हैं, तो बीच में कौन बैठा है ?

(a) F (b) H (c) I (d) E

SSC GD- 07/12/2021 : Shift-II

Ans.(b) : प्रश्नानुसार–




अतः उपर्युक्त ग्राफ से स्पष्ट है कि मध्य में H बैठा है।

152. J, H, Q, S, X, L और I एक सीधी पंक्ति में दक्षिण दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं, किंतु उनका उपरोक्त क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। J और Q के बीच में दो व्यक्ति बैठे है। X, J और S के बीच में बैठा है और H के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। L, Q के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है और I के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। Q और H सीधी पंक्ति के सिरों पर बैठे हैं। निम्नलिखित में से कौन J के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है ?

(a) S (b) H
(c) Q (d) L

Ans. (b) : J, H, Q, S, X, L और I के बैठने का क्रम–




अतः J के बाईं ओर तीसरे स्थान पर H बैठा है।

153. सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U, और V एक सीधी क्षैतिज पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। U, R के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Q, V के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। T, R के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। S, P के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। यदि T किसी एक कोने पर बैठा है, तो दूसरे कोने पर कौन बैठा है?

(a) Q (b) S
(c) P (d) V

Ans. (d) : बैठक व्यवस्था निम्नवत् है–




अतः आरेख से स्पष्ट है कि दूसरे कोने पर V बैठा है।

154. सात कार्यकर्ता आलोक, भूषण, कोलिन, दिनेश, ईशांत, फातिमा और गौरव एक सीधी रेखा में उत्तर की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं। फातिमा, दिनेश और गौरव के बीच बैठी है। भूषण, कोलिन और आलोक के बीच में बैठा है। ईशांत, गौरव के बायें तीसरे स्थान पर है। गौरव एक कोने पर बैठा है। आलोक, कोलिन के दायें दूसरे स्थान पर है। ईशांत और फातिमा के बीच में कौन बैठा है?

(a) दिनेश (b) भूषण
(c) आलोक (d) गौरव

SSC GD- 03/12/2021 : Shift-II

Ans.(a) : व्यक्तियों के बैठने का सही क्रम –




अतः स्पष्ट है कि ईशांत और फातिमा के बीच दिनेश बैठा है।

155. चिराग, फिरोज, हीरा, जॉय और लोहित एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुंह करके बैठे हुए हैं। लोहित, फिरोज के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। चिराग, जॉय के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। लोहित और चिराग के बीच में केवल हीरा बैठा है। फिरोज के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है ?

(a) चिराग (b) जॉय
(c) लोहित (d) हीरा

SSC GD- 01/12/2021 : Shift-III

Ans.(a) चिराग, फिरोज, हीरा, जॉय व लोहित का पंक्ति में बैठने का क्रम निम्नवत् है–




अतः उपर्युक्त बैठने के क्रम से स्पष्ट है, कि 'फिरोज' के दायी ओर तीसरे स्थान पर 'चिराग' बैठा है।

156. छह मित्र एक पंक्ति में बैठे हैं और उत्तर की ओर उन्मुख हैं। H, D और G के बीच बैठा है जबकि B, L और A के बीच बैठा है। A और D अंतिम छोर पर बैठे हैं। G और B के मध्य कौन बैठा है?

(a) A (b) L
(c) H (d) D

SSC GD- 01/12/2021 : Shift-II

Ans.(b) : प्रश्नानुसार बैठने का क्रम–




अतः क्रम व्यवस्था के आधार पर बैठने पर G और B के मध्य L बैठा है।

157. पाँच मित्र A, B, C, D और E एक सीधी पंक्ति में बैठने का क्रम निम्नवत् है- हैं। A और B एक-दूसरे के बगल में बैठे हैं। B, A और C के बीच में बैठा है। A, D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D दाएँ सिरे से दूसरे स्थान पर बैठा है। बाएँ सिरे से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

(a) D (b) C
(c) E (d) A

SSC GD- 26/11/2021 : Shift-III

Ans.(b) : प्रश्नानुसार– A, B, C, D तथा E को सीधी पंक्ति में बैठे है।



अतः स्पष्ट है कि बाँए सिरे से तीसरे स्थान पर C बैठा है।

@Rexstarpdf

158. छह मित्र A, B, C, D, E और F एक सीधी क्षैतिज पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। E और C के बीच चार व्यक्ति बैठे हैं। D, A और F के बीच में बैठा है। A, E के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। F के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

(a) A (b) C
(c) B (d) D

SSC GD- 25/11/2021 : Shift-II

Ans.(c) : छह मित्र A, B, C, D, E और F को एक सीधी क्षैतिज पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठाने का क्रम–

E A D F B C


अतः आरेख से स्पष्ट है कि F के ठीक दाईं ओर बगल में 'B' बैठा है।

159. P, Q, R, S, T, U और V एक दीवार पर एक पंक्ति में पश्चिम दिशा की ओर मुँह करके बैठे है। R, S के ठीक बाईं ओर है। Q दोनों सिरों में से एक पर है और T उसके बगल में है। V, T और U के बीच में बैठा हुआ है। S उत्तरी सिरे से पाँचवे स्थान पर है। उन व्यक्तियों में से कौन पंक्ति के ठीक मध्य में बैठा है?

(a) V (b) U
(c) T (d) Q

SSC GD- 24/11/2021 : Shift-I

Ans. (b) : प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर



अतः पंक्ति के मध्य में U बैठा है।

160. पांच मित्र, R, S, V, P और Q, उत्तर दिशा की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं । Q, R के दाईं ओर तथा S के बाईं ओर बैठा है । यदि V, R के बाईं ओर बैठने वाला एकमात्र व्यक्ति है, तो बाएं सिरे पर कौन बैठा है?

(a) V (b) R
(c) S (d) P

SSC GD- 23/11/2021 : Shift-II

Ans.(a) : पाँच मित्र (R, S, V, P और Q) का उत्तर दिशा की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठने का क्रम–

V R Q S P

अतः स्पष्ट है कि बाएं सिरे पर 'V' बैठा है।

161. आठ मित्र P, Q, R, S, T, U, V और W एक पंक्ति में बैठे फिल्म देख रहे हैं। T एक छोर पर बैठा है। Q, W और R के बीच में बैठा है। V, S और U के बीच में बैठा है। W, T के दाएँ बगल में बैठा है। R, P के बाएँ बगल में बैठा है। P और U के बीच में दो व्यक्ति बैठे हैं। दूसरे छोर पर कौन बैठा है?

(a) S (b) R (c) P (d) U

SSC GD- 18/11/2021 : Shift-I

Ans. (d) : आठ मित्रों P, Q, R, S, T, U, V और W के पंक्ति में बैठने का क्रम–

T W Q R P S V U


अतः पंक्ति के दूसरे छोर पर 'U' बैठा है।

162. आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H सीधी रेखा में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C ठीक B और A के बीच में बैठा है। D ठीक B और H के बीच बैठा है। E, A के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G ठीक A और F के बीच में बैठा है। H किसी एक छोर पर बैठा है। दूसरे छोर पर कौन बैठा है?

(a) F (b) G (c) E (d) B

SSC Stenographer – 11/11/2021 : Shift-II

Ans. (c) : बैठक व्यवस्था निम्नवत् है-




अतः दूसरे छोर पर 'E' बैठा है।

163. पाँच घर K, L, M, N और O एक पंक्ति में स्थित हैं, इन सभी का अग्र भाग उत्तर दिशा की ओर है। M, L के ठीक बाईं ओर पड़ोस में स्थित है। K ठीक O और M के बीच में स्थित है। N, K के दाईं ओर तीसरे स्थान पर स्थित है। कौन-सा घर बिल्कुल बीच में स्थित है?

(a) L (b) N
(c) K (d) M

SSC Stenographer – 11/11/2021 : Shift-II

Ans. (d) : घरों की स्थिति का क्रम निम्न प्रकार है-



अतः घर 'M' बिल्कुल बीच में स्थित है।


164. छह दोस्त, K, L, M, N, O और P सीधी रेखा में बैठे हैं। सभी उत्तर की ओर मुँह किए हुए हैं। K, M और N के बीच बैठा है। O, M के दाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। P, K के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। M, L के ठीक दाईं ओर बैठा है। कौन से दो व्यक्ति छोरों पर बैठे हैं?

(a) N और L (b) P और O
(c) O और N (d) P और N

SSC Stenographer – 11/11/2021 : Shift-I

@Rexstarpdf

Ans. (b): प्रश्नानुसार, बैठने का क्रम निम्नवत् है,



P और O दोनों किनारों पर बैठे हैं।

165. छः लड़के A, B, C, D, E और F एक पंक्ति में खड़े हैं।

i. B और D के बीच दो लड़के हैं और D, E के ठीक बगल है।

ii. A और C, B के पड़ोस में है।

iii. A ठीक E के पीछे है और C ठीक F के बगल है।

कौन से दो लड़के ठीक बीच में है?

(a) B और C (b) C और D

(c) A और E (d) A और B

SSC MTS 11/10/2021 (Shift-I)

Ans. (d) : प्रश्नानुसार A, B, C, D, E और F का खड़े होने का क्रम–



अतः पंक्ति के ठीक बीच में A और B खड़े हैं।


166. छः लड़कियाँ K, L, M, N, O और P एक सीधी रेखा पर उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठी हैं। P और K के बीच में L बैठी है। O, K के बाएं तीसरे नंबर पर बैठी है। N, L के दाएं तीसरे नंबर पर है। K ठीक M के बाएँ पड़ोस में बैठी है। K और N के बीच में M बैठी है। O और L के बीच में कौन बैठी है?

(a) M (b) N

(c) P (d) K

SSC MTS 08/10/2021 (Shift-II)

Ans. (c) : छः लड़कियाँ K, L, M, N, O और P उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठी है-



∴ O और L के बीच 'P' बैठी है।


167. एक परिसर में M, N, O, P, Q, R और S नामक सात घर पंक्ति में हैं, लेकिन वे अनिवार्य रूप से इसी क्रम में नहीं हैं। P किसी भी छोर पर नहीं है। R, P के ठीक दाएं पड़ोस में है। S, बाएं से तीसरा है। O एकदम बाएं छोर पर है। M दाईं ओर से दूसरा है। O, N के पड़ोस में नहीं है। S के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन-सा घर है?

(a) M (b) P

(c) Q (d) R

SSC MTS 05/10/2021 (Shift-III)

Ans. (d) : प्रश्नानुसार घरों को व्यवस्थित करने पर,



अतः स्पष्ट है कि S के दाईं ओर दूसरे स्थान पर R है।


168. चार छात्र उत्तर की ओर मुँह करके कक्षा में एक बेंच पर बैठे है। सरिता, रमन के बाईं ओर बैठी है। मनीष, रमन के दाहिनी ओर बैठा है। राकेश, रमन और मनीष के बीच बैठा है। बेंच पर बाएँ हाथ की ओर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

(a) मनीष (b) सरिता

(c) राकेश (d) रमन

SSC MTS 22/08/2019 (Shift-II)

Ans. (d)



अतः बायें से दूसरा स्थान 'रमन' का है।

169. पाँच लड़कियों अशी, विनीता, लैला, दीक्षा, आइशा ने एक पत्रिका पढ़ी। जो पहले पढ़ती है वह लैला को देती है जो आखिरी में पढ़ती है वह अशी से लेती है। आइशा पहली या आखिरी में पढ़ने वाली नहीं थी। विनीता और अशी के बीच दो पढ़ने वाली थी। पत्रिका को सबसे पहले किसने पढ़ी ?

(a) विनीता (b) लैला

(c) दीक्षा (d) आइशा

SSC MTS 22/08/2019 (Shift-II)

Ans. (a)



अतः विनीता सबसे पहले पत्रिका पढ़ती है।

170. (i) A, B, C, D, E और T दक्षिण की ओर मुख किये एक पंक्ति में खड़े है।

(ii) A, E के दाईं ओर तीसरा है।

(iii) C पंक्ति के एक छोर से चौथा है।

(iv) B जो A और D के बीच है, T के बाएँ तीसरा है।

(v) D बाएँ छोर पर है।

निम्नलिखित में कौन सही है?

(a) C, T और E के बीच में है।


(b) C, B के दाएँ दूसरा है।

(c) E, T के तुरन्त दाएँ है।

(d) A, C के तुरन्त बाएँ है।

SSC MTS 22/08/2019 (Shift-I)

Ans. (a) A, B, C, D, E और T के दक्षिण की तरफ मुख करके खड़े होने का क्रम निम्नवत् है।



अतः स्पष्ट है, T और E के मध्य C बैठा है।

171. साहिबा, त्रिशला, लक्ष्य, वंशिका और मनीष एक बेंच पर बैठे हैं। मनीष, त्रिशला और लक्ष्य के बिल्कुल बीच में बैठा है। लक्ष्य, वंशिका के बाईं ओर बैठा है जो किसी छोर पर नहीं है। साहिबा के बाईं ओर कौन बैठा है?


(a) वंशिका (b) त्रिशला

(c) मनीष (d) लक्ष्य

SSC MTS 21/08/2019 (Shift-II)

@Rexstarpdf

Ans. (a): साहिबा, त्रिशला, लक्ष्य, वंशिका और मनीष के बैठने का क्रम निम्नवत् है।



अत: आरेख से स्पष्ट है कि 'साहिबा' के बाई ओर 'वंशिका' बैठी है।

172. पाँच व्यक्ति एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके खड़े हैं। अंतिम छोर पर खड़े दो व्यक्तियों में से एक चित्रकार है और दूसरा एक बास्केटबॉल खिलाड़ी है। एक वकील, छात्र की दाईं ओर खड़ा है। एक डांसर, बास्केटबॉल खिलाड़ी के बाई ओर खड़ा है बाएँ ओर से वकील का स्थान क्या है?

(a) 4वाँ (b) 2वाँ
(c) 5वाँ (d) 3वाँ

SSC MTS 21/08/2019 (Shift-II)

Ans. (d) : पाँचों व्यक्तियों के एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके खड़े होने का क्रम निम्नवत् है-




अत: आरेख से स्पष्ट है कि बाएँ ओर से वकील का स्थान '3वाँ' है।

173. प्रतीक, ईशा, रश्मि, साक्षी और त्रिशा उत्तर की ओर मुख करके एक बेंच पर बैठी हैं। त्रिशा और ईशा एक साथ बैठी है। त्रिशा और रश्मि एक साथ बैठी है। प्रतीक बाएं छोर पर बैठा है। ईशा दाएं छोर से दूसरे स्थान पर बैठी है। प्रतीक और ईशा के बीच कौन बैठी है?

(a) रश्मि और त्रिशा (b) रश्मि और साक्षी
(c) ईशा और त्रिशा (d) त्रिशा और साक्षी

SSC MTS 22/08/2019 (Shift-III)

Ans. (a) : बैठने का क्रम निम्नवत् है–




अत: प्रतीक और ईशा के मध्य रश्मि और त्रिशा बैठी है।

174. V, W, X, Y और Z एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। V और X के बीच W है। Y, Z के बाईं ओर है। Z एक सिरे पर है। X पंक्ति के केन्द्र में बैठा है। X के दाईं ओर कौन हैं?

(a) W (b) Y
(c) V (d) Z

SSC MTS 21/08/2019 (Shift-I)

Ans. (b) : V, W, X, Y और Z के उत्तर की ओर मुख करके बैठने का क्रम निम्नवत् है-




अत: आरेख से स्पष्ट है कि 'X' के दाईं ओर 'Y' बैठा है।

175. 6 व्यक्ति P, Q, R, S, T, U उत्तर दिशा की ओर मुख करके एक सीधी रेखा में बैठे है लेकिन इसी क्रम में नहीं बैठे हैं। P और T के बीच में दो व्यक्ति बैठे है। S, P के बिल्कुल दायीं ओर बैठा है। R दायें ओर अंत में है। Q, P के बायें ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। U, Q और P के बीच में बैठा हैं। बायें ओर अंत में कौन बैठा है?

(a) Q (b) T
(c) P (d) S

SSC MTS 20/08/2019 (Shift-II)

Ans. (b) : 6 व्यक्ति P, Q, R, S, T, U के उत्तर दिशा की ओर मुख करके सीधी रेखा में बैठने का क्रम निम्नवत् है-




अत: आरेख से स्पष्ट है कि बायें ओर अन्त में 'T' बैठा है।

176. F_1, F_2, F_3, F_4, और F_5 एक बेंच पर बैठे हैं। F_4, F_2 के बिल्कुल बायें ओर बैठा है। F_3, F_5 के बिल्कुल दायें ओर बैठा है। F_1 एक सिरे पर बैठा है और F_2 का केवल एक पड़ोसी है। तो इन मित्रों में से, प्रत्येक तरफ दो मित्रों के साथ बीच में कौन बैठा है?

(a) F2 (b) F3
(c) F5 (d) F4

SSC MTS 21/08/2019 (Shift-III)

Ans. (b) : F_1, F_2, F_3, F_4, और F_5 के बेंच पर बैठने का क्रम निम्नवत् है-



अत: आरेख से स्पष्ट है कि दो मित्रों के साथ बीच में 'F_3' बैठा है।

177. नवीन, सपना, अलका, जेनी, मेगन, फरहाद और भावना सिनेमा हॉल में एक पंक्ति में बैठे हैं। उन सभी का मुख स्क्रीन की ओर है जो पूर्व की ओर है।


सपना चरम छोर पर है और उसका तत्काल पड़ोसी मेगन है। जेनी मेगन के दाहिने तरफ है। भावना के एक ओर मेगन और दूसरी ओर फरहाद है। अलका जेनी के तत्काल दाईं ओर है जो दक्षिण छोर से तीसरे स्थान पर बैठी है।

जेनी निम्नलिखित लोगों में से किस जोड़े के ठीक बीच में बैठी है?

(a) फरहाद और अलका (b) मेगन और भावना
(c) नवीन और अलका (d) भावना और फरहाद

SSC CPO-SI – 12/12/2019 (Shift-II)

Ans. (a)



अत: 'जेनी', फरहाद और अलका के बीच में बैठी है।

@Rexstarpdf

178. **A, E, I, O और U उत्तर की ओर मुंह करके एक पंक्ति में बैठे हैं। 'O', 'E' और 'U' के बगल में बैठा है। 'A', 'I' के बगल में बैठा है, जो सबसे बाईं ओर बैठा है। 'U' 'A' के बगल में नहीं बैठा है। बीच में कौन बैठा है?**

(a) U (b) O
(c) E (d) A

SSC CPO-SI – 13/12/2019 (Shift-II)

Ans. (c)



अत: बीच में E बैठा है।

179. **एक पंक्ति में सात सहेलियाँ बैठी हैं। ज्योति प्रिया के ठीक दाएं और तृषा के बाईं ओर बैठी है। अदिति, अक्षया के ठीक दाएं ओर बैठी है। अदिति और प्रिया के बीच एक व्यक्ति है। तृषा और दीक्षा के बीच दो व्यक्ति हैं। अनिका और प्रिया के बीच दो व्यक्ति हैं। सबसे दाहिनी छोर पर कौन है?**

(a) अनिका (b) अक्षया
(c) ज्योति (d) तृषा

SSC CPO-SI – 13/12/2019 (Shift-I)


Ans. (a) अक्षया, अदिति, दीक्षा, प्रिया, ज्योति, तृषा, अनिका
अत: सबसे दाहिनी छोर पर 'अनिका' बैठी है।

180. **मित्रों का एक समूह, A, B, C, D और E एक पंक्ति में बैठे हैं। D, B के बिल्कुल दायें ओर बैठा है, C, E के बिल्कुल बायें बैठा है और एक छोर पर है। यदि A दोनों में से किसी भी छोर पर नहीं बैठा है तो इन दोस्तों में से कौन क्रम के दो छोरों पर बैठे हैं।**

(a) B और C (b) B और E
(c) D और E (d) D और C

SSC MTS 20/08/2019 (Shift-I)

Ans. (d) : मित्रों के समूह के बैठने का क्रम निम्नवत् है –




अत: आरेख से स्पष्ट है कि इन दोस्तों में दोनों छोरो पर 'D' और 'C' बैठे है।

181. **पाँच वस्तुओं K, L, P, R और T को एक के ऊपर एक रखा जाता है। (जरुरी नहीं है कि इसी क्रम में हो)। K, T के ठीक ऊपर है और R के ठीक नीचे है। L, P के ठीक ऊपर है और T के ठीक नीचे है। कौन-सी वस्तु नीचे से दूसरे स्थान पर है।**

(a) L (b) T
(c) P (d) K

SSC MTS 02/08/2019 (Shift-III)

Ans. (a) पाँच वस्तुओं K, L, P, R और T का ऊपर से नीचे का क्रम –




अत: नीचे से दूसरे स्थान पर वस्तु L है।

182. **छ: कम्प्यूटर लेबल E, F, G, H, I और J उत्तर की ओर एक पंक्ति में रखा गया है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। दो कम्प्यूटरों को E और I के बीच रखा गया है। G, J के दायें से दूसरे स्थान पर रखा गया है। F, E के दायें दूसरे स्थान पर रखा गया है। I, E के बायीं ओर रखा गया है। G के दायी ओर कौन-सा कम्प्यूटर रखा गया है?**

(a) E (b) H
(c) F (d) G

SSC MTS 02/08/2019 (Shift-III)

Ans. (c) छ: कम्प्यूटर लेबल का मुख उत्तर की तरफ का क्रम –




अत: G के दायें कम्प्यूटर F रखा है।

183. **छ: लैपटॉप N, Q, P, L, R और A उत्तर की ओर सम्मुख करके रखे गये हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों) । N, A के तुरन्त बायें स्थान पर है। R, Q के दूसरे बायें स्थान पर है। P, A के दाएं दूसरे स्थान पर है। P, R के तुरन्त दायीं ओर स्थित है। L, N के बायीं ओर स्थित है। कौन सा लैपटॉप L के तुरन्त दायीं ओर स्थित है।**

(a) N (b) Q
(c) P (d) A

SSC MTS 02/08/2019 (Shift-I)

Ans. (a) : छ: लैपटॉप N, Q, P, L, R तथा A उत्तर की तरफ सम्मुख करके रखे गये हैं।




अत: L के तुरन्त दायें 'N' है।

184. **पाँच वस्तुएँ, बल्ला, गेंद, पंखा, मेज और कुर्सी को एक के ऊपर एक रखा जाता है (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। पंखा के ऊपर बल्ला चार स्थान पर स्थित है। मेज, गेंद और कुर्सी, के बीच में है। कुर्सी बल्ले से तीन स्थान नीचे है।**
कौन सा वस्तु ऊपर से दूसरे स्थान पर स्थित है।

(a) पंखे (b) मेज
(c) गेंद (d) कुर्सी

SSC MTS 02/08/2019 (Shift-I)

Ans. (c) : पाँच वस्तुएँ Bat, Ball, Fan, Table और Chair सभी ऊपर से नीचे क्रम में रखे गये है (एक ही क्रम में नहीं)–



अत: ऊपर से दूसरे स्थान पर 'Ball' स्थित है।


@Rexstarpdf

185. पाँच किताबें- B, G, N, P तथा T एक के ऊपर एक रखी गई है (जरुरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों)। N तथा G के मध्य केवल एक किताब रखी गयी है। B, P के ठीक ऊपर है। P, N के ठीक ऊपर है। G, N के ऊपर नहीं है। सबसे ऊपर कौन-सी किताब है?

(a) B (b) G
(c) T (d) P

SSC MTS 02/08/2019 (Shift-II)

Ans. (a) पाँच किताबें B, G, N, P तथा T एक के ऊपर एक रखी गई हैं –




अत: सबसे ऊपर किताब 'B' है।

186. पाँच लड़के J, K, L, M और T एक पंक्ति में एक के बाद एक खड़े हैं। (जरूरी नहीं कि उसी क्रम में हो)। K और J के बीच में केवल एक ही लड़का है। K और L के बीच केवल एक ही लड़का है। J के पीछे चार लड़के हैं। T, L के तीन स्थान आगे है। तो M से कितने लड़के आगे हैं?

(a) 3 (b) 0
(c) 2 (d) 1

SSC MTS 06/08/2019 (Shift-III)

Ans. (a) : खड़े होने का क्रम–




अत: स्पष्ट है कि M के आगे 3 लड़के 'K, T, J' खड़े है।

187. छ: कैमरा G, H, P, S, K और I एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके रखे हुये है (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। S, I के बायें दूसरे स्थान पर है। H, G के दायीं ओर दूसरे स्थान पर है। K, G के बायें ओर तीसरे स्थान पर है।
'I' कैमरे के बारे में कौन-सा कथन सत्य है?

(a) I, H का निकटतम पड़ोसी नही है।
(b) I, G और S के बीच में है।
(c) P, I के बायें तीसरे स्थान पर है।
(d) I, G के तुरन्त बायें ओर है।

SSC MTS 06/08/2019 (Shift-III)

Ans. (c) : कैमरे को रखने का क्रम–




अत: स्पष्ट है कि 'I' के बायें तीसरे स्थान पर 'P' है।

188. छ: खिलाड़ी C, E, G, I, K और M एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके खड़े है (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। C और M के बीच में दो खिलाड़ी खड़े है। I, C के तुरन्त बायीं ओर खड़ा है। E, G के बायें दूसरे स्थान पर खड़ा है। K, G के दायें तीसरे स्थान पर खड़ा है।
I के दाहिने दूसरे स्थान पर कौन खड़ा है?

(a) E (b) M
(c) K (d) C

SSC MTS 06/08/2019 (Shift-III)

Ans. (c) : खिलाड़ियों के खड़े होने का क्रम–




अत: 'I' के दाएँ दूसरे स्थान पर 'K' खड़ा है।

189. पाँच लड़कियाँ D, L, N, O तथा Q एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुख करके बैठी हुई हैं (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। L, O के दायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठी हुई है। Q, D के तुरंत दायीं ओर बैठी हुई है। Q तथा N के मध्य दो लड़कियाँ बैठी हुई हैं। D के दायीं ओर कितनी लड़कियाँ बैठी हुई हैं?

(a) 2 (b) 4
(c) 3 (d) 1

SSC MTS 05/08/2019 (Shift-II)

Ans. (d) पाँच लड़कियों के एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुख करके बैठने का क्रम निम्नवत् होगा –




अत: उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि 'D' के दायीं ओर केवल एक लड़की 'Q' बैठी हुई है।

190. छ: कुर्सियाँ J, K, P, R, S तथा T एक के ऊपर एक रखी गयी है (जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हो)। R केवल P तथा S के ऊपर है। J तथा S के मध्य चार कुर्सियाँ है। K, P से तीन स्थान ऊपर हैं।
यदि हम इन कुर्सियों को ऊपर से नीचे तक वर्णानुक्रम में व्यवस्थित करें, तो कितनी कुर्सियों का स्थान (J को छोड़कर) बदल जाएगा?

(a) 2 (b) 3
(c) 1 (d) 0

SSC MTS 05/08/2019 (Shift-II)

Ans. (b) कुर्सियों के रखने का क्रम निम्नवत् है -



अत: उपर्युक्त से स्पष्ट है कि 3 कुर्सियों P, S एवं T का स्थान बदल जाएगा।


191. छ: व्यक्ति L, M, N, P, Q तथा R एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हुए है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। P तथा M के मध्य तीन व्यक्ति हैं। P किसी भी एक छोर पर नहीं है। L तथा Q के मध्य केवल तीन व्यक्ति हैं। N, R के बायीं ओर है। L किसी एक छोर पर हैं। M, P के दायीं ओर है।
N के बायीं ओर कितने व्यक्ति बैठे हुए हैं?

@Rexstarpdf

(a) 4 (b) 1
(c) 2 (d) 3

SSC MTS 05/08/2019 (Shift-II)

Ans. (c) छ: व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है।



अत: N के बायीं ओर 2 व्यक्ति बैठें हुए है।

192. पाँच फोन H, M, R, T तथा V एक के ऊपर एक रखा जाता है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। T के ऊपर फोनों की संख्या V के नीचे फोनों की संख्या के समान हैं। R, H से ठीक ऊपर है। V सबसे नीचे है। M और V के बीच में दो फोन है।
निम्नलिखित में से कौन-सा फोन R के ऊपर है?

(a) M तथा T (b) H तथा T
(c) M तथा V (d) M तथा H

SSC MTS 05/08/2019 (Shift-I)

Ans. (a) फोन H, M, R, T और V के रखने का क्रम निम्नवत है।

T
M
R
H
V


अत: स्पष्ट है कि R के ऊपर फोन M और T है।

193. छ: मेज C, D, L, N, P तथा X एक तालिका में दक्षिण की ओर मुख करके रखे हुए है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। D को L के बायें से दूसरे स्थान पर रखा गया है। X को P के दायें से दूसरे स्थान पर रखा गया है। N को D के बायें से तीसरे स्थान पर रखा गया है। C और X के बीच में कितनी टेबल रखी गयी है?

(a) 3 (b) 1
(c) 2 (d) 4

SSC MTS 05/08/2019 (Shift-I)

Ans. (c) मेजों को दक्षिण की ओर मुख करके बैठने का क्रम निम्नवत् है।



अत: C और X के बीच में 2 टेबल है।

194. पाँच वस्तुएँ A, K, P, R तथा T एक के ऊपर एक रखी गयी हैं (जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हो)। K तथा P के मध्य केवल T है। P, K के नीचे है। R, P के ठीक नीचे है। A, T से तीन स्थान नीचे है। कौन सी वस्तु सबसे नीचे है?

(a) T (b) P
(c) R (d) A

SSC MTS 06/08/2019 (Shift-I)

Ans. (d) : वस्तुओं को रखने का क्रम–




अत: 'वस्तु A' सबसे नीचे है।

195. पाँच पेन D, E, F, G तथा H सभी एक के ऊपर एक रखे है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। केवल H, E और F के बीच में है। F, E से नीचे है। G, F के तुरन्त नीचे है। D, H के तीन स्थान नीचे है। कितने पेन E और D के मध्य स्थित है।

(a) 3 (b) 0
(c) 2 (d) 1

SSC MTS 07/08/2019 (Shift-III)

Ans. (a) D, E, F, G तथा H पेनों का क्रम निम्नवत् है।



अत: E और D के बीच '3' पेन (H, F, G) हैं।

197. छ: लड़के R1, R2, R3, R4, R5 तथा R6 एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हुए है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। R4 और R2 के बीच तीन लड़के है। R4 किसी छोर के अन्त में नहीं है। R1 और R5 के बीच केवल तीन लड़के है। R3, R6 के बायीं ओर है। R1 किसी एक छोर के अन्त में है। R2, R4 के दायीं ओर है।
निम्न में से कौन सा कथन सत्य है।

(a) R1, R4 के दायें ओर है।
(b) R4, R6 के बायें दूसरा है।
(c) R5 किसी एक छोर के अन्त में है।
(d) R3, R6 के तुरन्त दायें बैठा है।

SSC MTS 07/08/2019 (Shift-III)

Ans. (b) छ: लड़कों के बैठने का क्रम निम्नवत् हैं -

R1 R4 R3 R6 R5 R2

अत: सही कथन R4, R6 के बायीं ओर दूसरा है।


198. छ: टैबलेट T1, T2, T3, T4, T5 तथा T6 एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके रखे गए है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। T1 और T5 के बीच दो टैबलेट है। T3, T6 के दायीं तरफ दूसरा है। T2, T1 के दायीं तरफ दूसरा है। T5, T1 के बायीं ओर है।
निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा टैबलेट को प्रस्तुत करेगा जो T6 और T5 के तुरन्त दाईं तरफ है।

(a) T1, T4 (b) T4, T1
(c) T3, T4 (d) T1, T2

SSC MTS 07/08/2019 (Shift-III)

@Rexstarpdf

Ans. (a)




अत: T6 के तुरन्त दायें T1 तथा T5 के तुरन्त दायें T4 है।

199. छ: चिकित्सक E, G, I, K, M तथा O एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके खड़े हुए हैं (जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हो)। M, E के तुरंत दायीं ओर खड़ा हुआ है। K, O के दायीं ओर दूसरे स्थान पर खड़ा हुआ है। M तथा I के मध्य दो चिकित्सक खड़े हुए हैं। K, G के बायीं ओर है। K के तुरंत दायीं ओर कौन खड़ा हुआ है?

(a) I (b) G
(c) E (d) M

SSC MTS 06/08/2019 (Shift-II)

Ans. (c) : छ: चिकित्सकों (E, G, I, K, M तथा O) के खड़े होने का क्रम निम्नवत् है–



अत: 'K' के तुरन्त दायीं ओर 'E' खड़ा है।


200. पाँच कुर्सियाँ J, H, P, S और M एक पंक्ति में पूर्व की ओर मुख करके रखा गया है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। P, S के बायें से दूसरा है। J, H के दायें से दूसरा है। M, S के तुरन्त दायीं ओर है।

निम्नलिखित में से J की सही स्थिति क्या है?

(a) M के बायें से तीसरा (b) H के दायें से दूसरा
(c) S और H के बीच में है (d) S के तुरन्त दायें

SSC MTS 08/08/2019 (Shift-III)

Ans. (b) :



अत: 'J' की सही स्थिति, 'H' के दायीं ओर दूसरे स्थान पर हैं।

201. पाँच खिलौने A, B, C, D और E एक के ऊपर रखा जाता है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में)। A, C के ऊपर चौथे स्थान पर है। D, B और E के बीच में है। E, A के नीचे तीसरे स्थान पर है।

दिए गए चार विकल्पों में से तीन अपनी व्यवस्था के आधार पर एक ही तर्क का अनुसरण करते है। निम्नलिखित में से कौन-सा उस तर्क का पालन नहीं करता है?

(a) BD (b) DE
(c) EC (d) AC

SSC MTS 08/08/2019 (Shift-III)

Ans. (d) : पाँचों खिलौनों का क्रम–

A
B
D
E
C

अत: दी गई स्थिति में 'A व C' के बीच में तीन खिलौने है जबकि शेष विकल्पों में दिए गए खिलौनों के बीच में दो-दो खिलौने है।


202. छ: फोन P1, P2, P3, P4, P5 तथा P6 एक तालिका में उत्तर की ओर मुख करके रखे गए हैं (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। P1, P6 के तुरन्त बायें स्थान पर है। P5, P2 के बायें दूसरे स्थान पर है। P4, P6 के दायें दूसरे स्थान पर है। P4, P5 के तुरन्त दायें है। P3, P1 के बायीं की ओर है।

कितने फोन P3 और P6 के मध्य में स्थित है।

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

SSC MTS 07/08/2019 (Shift-II)

Ans. (a) छ: फोन को रखने का क्रम -



अत: P3 और P6 के बीच केवल 1 फोन (P1) रखा गया है।


203. पाँच मेज T1, T2, T3, T4 तथा T5 एक के ऊपर एक रखा जाता है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। T4 के ऊपर मेजों की संख्या T5 के नीचे मेजों की संख्या के समान है। T3, T1 के ठीक ऊपर है। T5 सबसे नीचे है। T2 और T5 के मध्य दो मेज है।

कौन-सा कथन T1 की स्थिति के लिए सही है?

(a) T1, T5 के तुरन्त ऊपर है।
(b) T1, T5 के तुरन्त नीचे है।
(c) T1, T2 के तीन स्थान नीचे है।
(d) T2, T1 के दो स्थान नीचे है।

SSC MTS 07/08/2019 (Shift-II)

Ans. (a) पाँच टेबल का ऊपर से नीचे का क्रम -



अत: T1 की सही स्थिति T5 के ठीक ऊपर है।


204. पाँच शिक्षक P, K, A, R तथा M एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हुए है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। K, R के दायें दूसरे स्थान पर बैठा है। M, P के तुरन्त दायें बैठा है। दो शिक्षक M और A के मध्य बैठे हैं।

R के तुरन्त दायें कौन बैठा है।

(a) M (b) K
(c) P (d) A

SSC MTS 07/08/2019 (Shift-II)

Ans. (d) पाँच शिक्षक P, K, A, R तथा M एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुँह करके बैठे है –



'R' के तुरन्त दायें 'A' बैठा है।


@Rexstarpdf

205. छ: बेंच N_1, N_2, N_3, N_4, N_5 तथा N_6 एक के ऊपर एक रखी गयी है। (जरूरी नहीं की इसी क्रम में हो) N_4, केवल N_3 तथा N_5 के ऊपर है। N_1 तथा N_5 के मध्य चार बेंच है। N_2, N_3 से तीन स्थान ऊपर है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) N_2, N_6 के ठीक ऊपर है।
(b) N_5, सबसे नीचे वाले छोर पर है।
(c) N_1, N_6 तथा N_2 के मध्य में है।
(d) N_3, N_2 के मध्य दो बेंच हैं।

SSC MTS 09/08/2019 (Shift-III)

Ans. (c) : छ: बेंच N_1, N_2, N_3, N_4, N_5 तथा N_6 के रखने का क्रम निम्नवत् है-




अत: स्पष्ट है कि कथन (c) सही नहीं है, क्योंकि N_1, N_2 तथा N_6 के ऊपर है।

206. पाँच गेदें L1, L2, L3, L4 और L5 को एक के ऊपर एक को रखा जाता है (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में)। L1, L5 के ठीक ऊपर है और L4 के ठीक नीचे है। L2, L3 के ठीक ऊपर और L5 के ठीक नीचे है। L2 के ऊपर कितने गेदें रखी गयी है?

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 1

SSC MTS 09/08/2019 (Shift-II)

Ans. (b) : पाँच गेंद L1, L2, L3, L4 और L5 के रखने का क्रम निम्नवत् है–




अत: गेंद L2 के ऊपर 'तीन गेंदें' हैं।

207. छ: लोग A, B, C, D, E और F एक पंक्ति में बैठे है। D और F के बीच में E बैठा है। A, F के दाहिने दूसरे स्थान पर है। C एकदम दाहिने छोर पर है। C के बायें दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

(a) D (b) A
(c) B (d) F

SSC MTS 13/08/2019 (Shift-II)

Ans. (c) : छ: व्यक्तियों A, B, C, D, E और F के बैठने का क्रम निम्नवत् है–




अत: स्पष्ट है कि 'C' के बाएँ दूसरे स्थान पर 'B' बैठा है।

208. छ: मित्र A, B, C, D, E और F एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके खड़े हैं। B, F और D के ठीक बीच में खड़ा है। E, A और C के ठीक बीच में खड़ा है। A, D और F का पड़ोसी नहीं है। C, D का पड़ोसी नहीं है, लेकिन F के बिल्कुल दायें है। C निम्नलिखित में से किसके बीच खड़ा है?

(a) A और E (b) D और F
(c) E और F (d) E और B

SSC MTS 13/08/2019 (Shift-I)

Ans. (c)




अत: आरेख से स्पष्ट है कि 'C', 'F' और 'E' के बीच खड़ा है।

209. पाँच दोस्तों के घर एक सीधी रेखा पर खड़े हैं। अमित का घर दीपेश के घर के नजदीक नहीं है, श्याना का घर बिन्द्रा और शीतल के घर के मध्य में है। बिन्द्रा का घर श्याना और दीपेश के मध्य में है। तो शीतल का घर किसके मध्य में है?

(a) श्याना और बिन्द्रा (b) अमित और दीपेश
(c) अमित और श्याना (d) अमित और बिन्द्रा

SSC MTS 14/08/2019 (Shift-III)

Ans. (c) : पाँच दोस्तों का घर निम्नवत है–



अत: शीतल का घर श्याना और अमित के मध्य है।

210. आठ दोस्त A, B, C, D, E, F, G और H विद्यालय में प्रार्थना के दौरान चार-चार के हिसाब से दो पंक्तियों में खड़े हैं। H, D के बाद है। C, A के बिल्कुल पहले है। E, B के बाद है। C और G पंक्तियों में एकदम आगे हैं। F, G और B के बीच में है। दोनों पंक्तियों में तीसरे स्थान पर कौन-से दो खड़े हैं?

(a) B और H (b) D और F
(c) B और F (d) D और B

SSC MTS 14/08/2019 (Shift-I)

Ans. (d) पंक्ति I – C A D H
पंक्ति II – G F B E
अत: दोनों पंक्तियों में तीसरे स्थान पर D और B खड़े हैं।


211. छ: व्यक्ति A, B, C, D, E और F प्रत्येक पंक्ति में तीन व्यक्तियों के साथ दो पंक्ति में बैठे है। सभी उत्तर की ओर मुँह किए हुए है। B, D से आगे है। F, E से पीछे है। C और D एक दूसरे के लिए विकर्ण है। C, E से तुरन्त पहले है। A, D से आगे है। दोनों पंक्तियों के अंतिम पदों पर कौन से दो व्यक्ति बैठे हैं?

(a) D और E (b) B और E
(c) B और F (d) D और F

SSC MTS 14/08/2019 (Shift-II)

@Rexstarpdf

Ans. (d): छः व्यक्ति A, B, C, D, E और F दो लाइनों में उत्तर की ओर मुख करके तीन-तीन व्यक्ति बैठे हैं।




अत: दो व्यक्ति D और F पंक्ति में दोनों अन्तिम स्थान पर बैठे है।

212. उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में पाँच व्यक्ति बैठे हैं। C, M के बाएं से चौथे स्थान पर है और दोनों का केवल एक ही पड़ोसी है B पंक्ति के ठीक मध्य में बैठा है। N, M के बिल्कुल बायें बैठा है।
V एक अन्य व्यक्ति है। V के संबंध में N का क्या स्थान है?

(a) बाये से दूसरा (b) बिल्कुल बायें
(c) बिल्कुल दायें (d) दायें से दूसरा

SSC MTS 16/08/2019 (Shift-III)

Ans. (d) : उत्तर की ओर मुख करके पाँच व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है-




अत: स्पष्ट है कि 'V' के सम्बन्ध में 'N' का स्थान दाएँ से दूसरा है।

213. छ: व्यक्ति B, C, D, F, G और H उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं।
B और C अन्तिम छोर पर बैठे हैं।
F, C के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है।
D, B और H दोनों का पड़ोसी है।
F के संदर्भ में G का स्थान क्या है?

(a) तुरन्त दाएं (b) तुरन्त बाएं
(c) बाएं से दूसरा (d) दाएं से दूसरा

SSC MTS 19/08/2019 (Shift-I)

Ans. (a) : छः व्यक्तियों के उत्तर की ओर मुख करके बैठने का क्रम निम्नवत है –




अत: 'G', 'F' के तुरन्त दाएं है।

214. पांच अलग-अलग कॉटेज M से Q तक एक पंक्ति में है। M, N के दाईं ओर और Q, O के बायें ओर तथा M के दायें ओर है। N, P के दाहिने है। बाई ओर से पहली कॉटेज कौन सी है।

(a) M (b) N
(c) P (d) O

SSC MTS 19/08/2019 (Shift-III)

Ans. (c) : पाँच कॉटेज M, N, O, P, Q का क्रम निम्नवत् है–



अत: बाएँ से पहले स्थान पर कॉटेज P है।

215. हरमीत, इशप्रीत, जसप्रीत, करप्रीत और रशमीत उत्तर की ओर मुख करके एक बेंच पर बैठे है। जसप्रीत, इशप्रीत और रशमीत के बीच है। हरमीत, इशप्रीत के दाई ओर है। करप्रीत रशमीत के बगल में नहीं है। हरमीत के दाईं ओर कौन है?

(a) करप्रीत (b) इशप्रीत
(c) रशमीत (d) जसप्रीत

SSC MTS 19/08/2019 (Shift-III)

Ans. (a) :




हरमीत के दाएं करप्रीत बैठा है।

216. सात बच्चे M, N, O, P, Q, R और S एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके खड़े हैं। S, P के बिल्कुल दांये और N के बिल्कुल बायें खड़ा है। M,O के बिल्कुल दायें खड़ा है। M और P ने अपने बीच में एक बच्चे को खड़ा किया है। Q और N ने अपने बीच में दो बच्चों को खड़ा किया है। P और R ने भी अपने बीच में दो बच्चों को खड़ा किया है।
पंक्ति के बिल्कुल मध्य में कौन खड़ा है?

(a) M (b) P
(c) O (d) S

SSC MTS 19/08/2019 (Shift-II)

Ans. (b) : सात बच्चे M, N, O, P, Q, R और S के एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके खड़े होने का क्रम निम्नवत् है-




अत: आरेख से स्पष्ट है कि पंक्ति के बिल्कुल मध्य में P खड़ा है।

217. विभिन्न विशेषज्ञता वाले सात डॉक्टर अंकित, भुवाना, चंदन, दिनकर, तारक, फर्नांडा और जॉर्ज एक सीधी पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं, लेकिन अनिवार्य रूप से इसी क्रम में नहीं हैं। फर्नांडा और चंदन के बीच में केवल एक डॉक्टर बैठा है। तारक ठीक अंकित और दिनकर के बीच में बैठा है। तारक और जॉर्ज के बीच में केवल दो डॉक्टर बैठे हैं। फर्नांडा ठीक अंकित के बाईं ओर बगल में बैठा है, जो पंक्ति के बीच में बैठा है।
दिनकर के ठीक दाईं ओर बगल में कौन बैठा है?

(a) भुवाना (b) फर्नांडा
(c) तारक (d) जॉर्ज

SSC JE Civil – 23/03/2021 (Shift-I)

Ans. (a) : बैठने का क्रम निम्नवत् है–



स्पष्ट है कि दिनकर के ठीक दाईं ओर बगल में 'भुवाना' बैठा है।


218. गोपी, पीयूष, मोहन, राहुल, श्रेया और मोनिका एक पंक्ति में बैठे हैं। श्रेया और मोनिका केन्द्र में बैठी हैं। गोपी और पीयूष किनारे पर बैठे हैं। मोहन गोपी के बाईं ओर बैठा है। पीयूष के दाहिनी ओर कौन है ?

(a) श्रेया (b) मोनिका
(c) गोपी (d) राहुल

SSC JE Civil – 23/03/2021 (Shift-I)

@Rexstarpdf

Ans. (d): बैठने का क्रम निम्नवत् है–



पीयूष के दायीं ओर राहुल बैठा है।

219. सात बच्चे A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में ऊपर से नीचे खड़े हुए हैं। E पाँचवे स्थान पर है। केवल C, A और B के बीच में है। G सबसे नीचे है। B, F के तीन स्थान पीछे है। ऊपर से D का स्थान क्या है?

(a) छठा (b) चौथा
(c) दूसरा (d) अन्तिम

SSC MTS 20/08/2019 (Shift-III)

Ans. (a) : सात बच्चों A, B, C, D, E, F और G के पंक्ति में ऊपर से नीचे खड़े होने का क्रम निम्नवत् है-




अत: आरेख से स्पष्ट है कि ऊपर से D का स्थान छठा है।

220. छह खिलाड़ी, अरविंद, विश्वनाथ, करुण, दिलीप, जयंत और मनोहर, दो पंक्तियों में, प्रत्येक पंक्ति में तीन-तीन के अनुसार बैठे हैं। जयंत किसी पंक्ति के अंत में नहीं बैठा है। दिलीप मनोहर के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। करुण जयंत के बगल में और दिलीप के तिर्यक सामने बैठा है। विश्वनाथ मनोहर के बगल में बैठा है। जयंत के साथ दिलीप सीट की अदला-बदली के बाद, नई स्थिति में दिलीप के/का पड़ोसी कौन होंगे/होगा ?

(a) करुण और अरविंद (b) केवल अरविंद
(c) मनोहर और विश्वनाथ (d) केवल विश्वनाथ

SSC JE Civil – 23/03/2021 (Shift-II)

Ans. (a) : बैठने का क्रम निम्नवत् है–



स्थान परिवर्तन के बाद–


स्पष्ट है कि दिलीप के पड़ोसी अरविंद और करुण है।

221. अर्पिता, गमन, नितिन, वर्षा, श्रेया और शाहिद एक सीधी रेखा में उत्तर दिशा की ओर मुँह किए हुए बैठे हैं। नितिन गगन के ठीक बाएँ है। श्रेया आर्पिता और शाहिद के बीच में है। शाहिद दाएँ छोर से दूसरे स्थान पर है। नितिन और वर्षा के बीच में चार लोग बैठे हैं। वर्षा और श्रेया के बीच में कौन हैं?

(a) अर्पिता (b) वर्षा
(c) गगन (d) शाहिद

SSC JE Mechanical – 22/03/2021 (Shift-II)

Ans. (d) :



अतः शाहिद, श्रेया और वर्षा के बीच में बैठा है।

Type-IV क्रम पर आधारित प्रश्न

222. संख्या 7148356 में प्रत्येक अंक बाएं से दाएं आरेही क्रम में व्यवस्थित करने पर मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

(a) None (b) One
(c) Three (d) Two

SSC CGL Mains 26/10/2023 (Shift-I)

Ans. (b) : 7 1 4 8 3 5 6
बाए से दाए बढ़ते क्रम में लिखने पर
1 3 4 5 6 7 8
अतः स्पष्ट है कि केवल अंक 4 का स्थान अपरिवर्तित है।

223. परिवार के सात सदस्य Q, R, S, T, U, V और W हैं। प्रत्येक अलग-अलग उम्र के हैं। R केवल तीन अन्य सदस्यों से बड़ा है। S, V से छोटा है लेकिन W से बड़ा है, जो सभी में सबसे छोटा है। Q, R से बड़ा है लेकिन U से छोटा है। U सभी में सबसे बड़ा नहीं है। Q और W के मध्य में परिवार के कितने सदस्य हैं?

(a) 3 (b) 4
(c) 1 (d) 2

SSC JE Mechanical 11/10/2023 (Shift-II)

Ans. (a) : परिवार के सात सदस्यों के लम्बाई का क्रम निम्नवत् है-
(बड़ा) T > U > Q > R > V > S > W (छोटा)
अतः Q और W के मध्य में परिवार के तीन (3) सदस्य हैं।


224. एक परीक्षा भवन में सात छात्र अदिति, सिंडी, जेनी, कीर्ति, नीति, प्रीति और स्वीटी एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं, परंतु जरूरी नहीं है कि वे इसी क्रम में बैठे हैं। सिंडी, स्वीटी के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठी है। अदिति और प्रीति, सिंडी की निकटतम पड़ोसी हैं। प्रीति और स्वीटी के बीच दो से अधिक छात्र बैठे हैं। जेनी नीति की इकलौती पड़ोसी है। जेनी अदिति के दाएँ पर बैठी है। कीर्ति के स्थान के अनुसार नीति का स्थान क्या है?

(a) दाएँ से पाँचवाँ (b) बाएँ से पाँचवाँ
(c) दाएँ से तीसरा (d) बाएँ से तीसरा

SSC MTS 18/05/2023 (Shift-I)

@Rexstarpdf

Ans. (a): प्रश्नानुसार, बैठने का क्रम निम्नवत् है-



अतः कीर्ति के अनुसार नीति का स्थान दाएँ से पांचवाँ है।

225. पाँच लड़कियों अनीता, बबीता, चम्मा, डायना और एरिका की उम्र अलग-अलग है, अनीता केवल डायना और एरिका से छोटी है। एरिका डायना से छोटी है। चम्मा सबसे छोटी है। समूह में चौथी सबसे बड़ी कौन है?

(a) एरिका (b) बबीता
(c) डायना (d) चम्मा

SSC MTS 18/05/2023 (Shift-I)

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,
लड़कियों के उम्र का क्रम निम्नवत् है-
डायना > एरिका > अनीता > बबीता > चम्मा
अतः समूह में चौथी सबसे बड़ी 'बबीता' है।

226. पाँच मित्रों पीयूष, निखिल, राहुल, सक्षम और तरूण के कद अलग-अलग हैं। तरूण केवल तीन अन्य मित्रों से लंबा है। राहुल सभी मित्रों में सबसे लंबा है। निखिल केवल एक मित्र से लंबा है। पीयूष से केवल दो मित्र लंबे हैं। सभी मित्रों में किसका कद सबसे कम है?

(a) निखिल (b) पीयूष
(c) सक्षम (d) तरूण

SSC MTS 16/05/2023 (Shift-II)

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,
लड़कियों के उम्र का क्रम निम्नवत् है-
राहुल > तरूण > पीयूष > निखिल > सक्षम
अतः सभी मित्रों में 'सक्षम' का कद सबसे छोटा है।

227. पाँच लड़कियों अंजली, बीना, चिंटू, दीक्षा और श्रुति की आयु अलग-अलग हैं। अंजली केवल दीक्षा और श्रुति से छोटी है। श्रुति दीक्षा से छोटी है। चिंटू सबसे छोटी है। समूह में चौथी सबसे बड़ी कौन है?

(a) दीक्षा (b) बीना
(c) चिंटू (d) श्रुति

SSC MTS 15/05/2023 (Shift-I)

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,
दीक्षा > श्रुति > अंजली > बीना > चिंटू
अतः समूह में चौथी सबसे बड़ी बीना है।

228. सात भाईयों शुभम, सौरव, सहवाग, सचिन, सैम, शोएब और सूर्या की उम्र अलग-अलग है। शुभम सबसे बड़ा भाई है। सूर्या केवल दो भाइयों से बड़ा है। सौरव, सैम से बड़ा है लेकिन शोएब से छोटा है। सहवाग केवल सचिन से बड़ा है। कितने भाई सौरव से छोटे हैं?

(a) 5 (b) 3
(c) 4 (d) 2

Ans. (c) : प्रश्नानुसार,
सुभम > शोएब > सौरव > सैम > सूर्या > सहवाग > सचिन
अतः चार भाई सौरव से छोटे हैं।

229. पाँच लड़कों अमन, वमन, चमन, दमन और फरहान की आयु अलग-अलग हैं। फरहान केवल अमन और वमन से बड़ा है। दमन केवल चमन से छोटा है। अमन सबसे छोटा नहीं है। कितने लड़के अमन से बड़े हैं?

(a) 4 (b) 3
(c) 1 (d) 2

SSC MTS 10/05/2023 (Shift-I)

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,
चमन > दमन > फरहान > अमन > वमन
अतः अमन से तीन लड़के बड़े है।

230. एक फेयरवेल पार्टी में सात सहकर्मियों P, A, R, S, T, U और V ने धनराशि का योगदान दिया। कोई भी दो सहकर्मियों ने समान धनराशि का योगदान नहीं दिया। V ने P से अधिक धनराशि का योगदान दिया जिसने A से अधिक धनराशि का योगदान दिया। R और T ने अधिकतम और न्यूनतम धनराशि का योगदान दिया परन्तु जरूरी नहीं कि इसी क्रम में दिया हो। U का योगदान केवल R से कम था। S का योगदान केवल एक व्यक्ति से अधिक था। तीसरे स्थान पर सर्वाधिक योगदान किसका था?

(a) T (b) R
(c) S (d) V

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,
R > U > V > P > A > S > T
अतः तीसरे स्थान पर सबसे बड़ा योगदान V का है।

231. पाँच कारों C1, C2, C3, C4 और C5 की चाल की तुलना की जाती है। C1 की चाल केवल एक कार से अधिक है। C5 की चाल चार कारों से अधिक है। C4 की चाल C1 से अधिक लेकिन C3 और C5 से कम है। कितनी कारों की चाल C3 की चाल से कम है?

(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 3

SSC MTS 02/05/2023 (Shift-I)

Ans. (d) : प्रश्नानुसार,
कारों के चालों का क्रम निम्नवत है-
C5 > C3 > C4 > C1 > C2
अतः स्पष्ट है कि '3' कारों की चाल C3 की चाल से कम है।

232. सात लोगों A, B, C, D, E, F और G का कद अलग-अलग है। A चार व्यक्तियों से लंबा है। E का कद केवल एक व्यक्ति से कम है। कितने लोगों के कद, A और E के कद के बीच में हैं?

(a) 2 (b) 0
(c) 1 (d) 3

SSC MTS 11/05/2023 (Shift-II)

Ans. (b) : प्रश्नानुसार, क्रम व्यवस्था निम्नवत है-
> E > A > . > . > .
अतः स्पष्ट है कि A और E के कद के बीच में कोई भी नहीं है।

@Rexstarpdf

233. प्रकाश, कादिर, रमेश, सौरभ और तारिक मित्र हैं। रमेश, कादिर से लम्बा है लेकिन सौरभ से छोटा है। प्रकाश सबसे छोटा है, और तारिक, सौरभ से लंबा है। उनमें से सबसे लंबा कौन है?

(a) तारिक (b) रमेश
(c) कादिर (d) सौरभ

SSC CGL 2021 : 20/04/2022 (Shift-I)

Ans.(a): तारिक > सौरभ > रमेश > कादिर > प्रकाश
अतः सबसे लम्बा 'तारिक' है।

234. अमृत, विक्रांत से बड़ा है। शानाज, जोया से बड़ी है। केतन, जोया से छोटा है। विक्रांत, शानाज से बड़ा है। समूह में सबसे छोटा कौन है?

(a) शानाज (b) केतन
(c) जोया (d) विक्रांत

SSC MTS 13/08/2019 (Shift-II)

Ans. (b) : बड़े और छोटे का क्रम निम्नवत् है–
अमृत > विक्रांत > शानाज > जोया > केतन
अत: समूह में सबसे छोटा 'केतन' है।

235. छः मित्रों, नेहा, काव्या, गीता, वरुण, पूजा और कपिल की आयु अलग-अलग है। गीता, पूजा से बड़ी है लेकिन वरुण से छोटी है। तीन मित्र, गीता से बड़े हैं। कपिल की आयु, वरुण और काव्या की आयु के मध्य आती है। पुजा केवल एक मित्र से बड़ी है।
उन सब में सबसे छोटा कौन है?

(a) पूजा (b) कपिल (c) नेहा (d) काव्या

SSC GD- 07/12/2021 : Shift-I

Ans. (c) : छः मित्रों की आयु का क्रम निम्नवत् है-
काव्या > कपिल > वरुण > गीता > पूजा > नेहा
सभी मित्रों में सबसे छोटी नेहा है।

236. पांच मित्रों में, वसुधा को मोहन से अधिक लेकिन रोहन से कम अंक प्राप्त हुए, जीवन को दीप्ति से अधिक लेकिन मोहन से कम अंक प्राप्त हुए। उनमें से किसे सबसे अधिक अंक प्राप्त हुए?

(a) वसुधा (b) मोहन
(c) रोहन (d) दीप्ति

SSC Stenographer – 15/11/2021 : Shift-II

Ans. (c) : प्रश्नानुसार –
रोहन > वसुधा > मोहन > जीवन > दीप्ति
अतः सबसे अधिक अंक 'रोहन' को प्राप्त हुए।

237. छह मित्र गोवर्धन, सरयू, रेखा, श्यामला, हेमा और गणेश एक टिकट काउंटर पर पंक्ति में खड़ें हैं। सरयू और हेमा के बीच दो व्यक्ति हैं। रेखा ठीक हेमा और श्यामला के बीच में है। गोवर्धन के आगे केवल एक व्यक्ति है । गणेश जो कि पंक्ति के पिछले छोर से तीसरे स्थान पर है, ठीक गोवर्धन और हेमा के बीच में है। सरयू और हेमा के बीच में कौन-से दो व्यक्ति खड़े हैं ?

(a) गोवर्धन और रेखा (b) श्यामला और रेखा
(c) गोवर्धन और गणेश (d) गणेश और श्यामला

SSC GD- 30/11/2021 : Shift-III

Ans.(c): पंक्ति में खड़े होने का क्रम निम्नवत् है -




अतः सरयू और हेमा के बीच गोवर्धन और गणेश हैं।

238. पाँच सहेलियाँ भूमिका, राशि, श्वेता, विभा और अरुणिमा पूर्व दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठी हैं। भूमिका, विभा और श्वेता के बीच में बैठी है। राशि, श्वेता के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। दक्षिण छोर पर कौन सी लड़की बैठी है?

(a) अरुणिमा (b) राशि
(c) विभा (d) श्वेता

SSC GD- 18/11/2021 : Shift-I

Ans. (c) : पाँच सहेलियों के बैठने का क्रम–
प्रश्नानुसार–



अतः दक्षिणी छोर पर 'विभा' बैठी है।

239. A, ऊंचाई में B से बड़ा है। C और D ऊंचाई में समान हैं। E, ऊंचाई में B से छोटा लेकिन D से बड़ा है। F, ऊंचाई में C से छोटा है, जो कि B से छोटा है। इन सबमें ऊंचाई में सबसे छोटा कौन है?

(a) F (b) E (c) D (d) C

SSC Stenographer – 12/11/2021 : Shift-II

Ans.(a) : प्रश्नानुसार
A > B > E > D = C > F
अतः ऊंचाई में सबसे छोटा F है।

240. पाँच व्यक्ति P, Q, R, S और T में T, P से बड़ा है, Q, T से छोटा है, S, R से बड़ा है और P, S से बड़ा है लेकिन Q से छोटा है। इन सभी में सबसे बड़ा कौन है?

(a) S (b) T (c) Q (d) P

SSC Stenographer – 11/11/2021 : Shift-I

Ans. (b) : प्रश्नानुसार,
T > Q > P > S > R
अतः 'T' सबसे बड़ा है।

241. पाँच लड़कियाँ एक रेस में भाग लेती हैं। रजनी महिका के पहले लेकिन गरिमा के बाद रेस समाप्त करती है। अस्मिता संचाली से पहले लेकिन महिका के बाद रेस समाप्त करती है। रेस में दूसरे स्थान पर कौन है?

@Rexstarpdf

(a) संचाली (b) महिका
(c) रजनी (d) गरिमा

SSC MTS 22/08/2019 (Shift-III)

Ans. (c) : प्रश्नानुसार –गरिमा > रजनी > महिका .....(i)
महिका > अस्मिता > संचाली .....(ii)
समी. (i) व (ii) से,
गरिमा > रजनी > महिका > अस्मिता > संचाली
रेस में दूसरे स्थान पर 'रजनी' है।

242. पाँच छड़ों में P, Q, R, S और T हैं। S, T से लम्बा है। R, P से छोटा है। Q, S से लम्बा है। P केवल एक छड़ से लम्बा है। सभी छड़ों में से कौन सी छड़ दूसरी सबसे लम्बी है?

(a) S (b) T (c) P (d) Q

SSC MTS 13/08/2019 (Shift-III)

Ans. (a) : समीकरण,
Q > S > T .....(i)
P > R .....(ii)
∵ P केवल एक छड़ से बड़ी है। अत: समीकरण को एक क्रम में रखने पर,
Q > S > T > P > R
प्रश्नानुसार दूसरी सबसे बड़ी छड़ 'S' है।
अत: विकल्प (a) है।

243. पाँच वाहन A, B, C, D और E है। D का माइलेज B और C से ज्यादा है। A का माइलेज B से कम है लेकिन C से ज्यादा है। E का माइलेज A से ज्यादा है लेकिन B से कम है। तो पाँच वाहन में सबसे ज्यादा माइलेज वाला वाहन कौन है?

(a) B (b) A (c) D (d) E

SSC MTS 14/08/2019 (Shift-III)

Ans. (c) : पाँच वाहन A, B, C, D और E है।
D > B, C —— (i)
B > A > C —— (ii)
B > E > A —— (iii)
D > B > E > A > C
अत: समी. (i), (ii), और (iii) से यह ज्ञात किया जा सकता है, कि सबसे अधिक माइलेज 'D' का है।

244. 5 लोगों ने एक दौड़ में भाग लिया। कार्तिक ने प्रभजोत के एकदम पीछे ही दौड़ पूरी की। फराज ने लक्ष्य से एकदम पहले दौड़ पूरी की। अनिल ने फराज के एकदम पहले दौड़ पूरी की। अनिल तीसरे स्थान पर आया। इनमें से कौन दौड़ में दूसरे स्थान पर रहा?

(a) कार्तिक (b) फराज
(c) लक्ष्य (d) प्रभजोत

SSC MTS 14/08/2019 (Shift-I)


Ans. (a) 5 लोगों द्वारा दौड़ में भाग लेने का क्रम निम्नवत् है–
प्रभजोत > कार्तिक > अनिल > फराज > लक्ष्य
अत: विकल्प (a) होगा।

245. अलग-अलग उम्र के आशीष, मनीष, कैलाश, दक्ष और ललित नाम के पाँच चचेरे भाई हैं, ये सभी चचेरे भाई अपनी उम्र के अवरोही क्रम में व्यवस्थित है। कैलाश का भाई आशीष, दूसरा सबसे छोटा है और 19 साल का है। ललित का भाई दक्ष, कैलाश और मनीष के बीच में है। कैलाश 42 साल का हैं और आशीष दक्ष से 20 साल छोटा हैं। निम्नलिखित में से कौन सबसे छोटा है?

(a) आशीष (b) दक्ष
(c) ललित (d) मनीष

SSC MTS 19/08/2019 (Shift-III)

Ans. (c) :



∴ पाँच चचेरे भाईयों में ललित सबसे छोटा है।

246. पाँच दोस्त A, B, C, D और E अलग-अलग कीमत की कारें खरीदीं। B की कार C के कार की तुलना में महँगी लेकिन E की कार से कम कीमत की थी। A की कार D के कार की तुलना में महँगी लेकिन C के कार से कम कीमत की थी। किसकी कार दूसरी सबसे महँगी थी?

(a) E (b) A
(c) B (d) C

SSC MTS 19/08/2019 (Shift-I)

Ans. (c) : पाँच मित्र A, B, C, D तथा E के अलग-अलग कीमत की कार खरीदने का क्रम –
E > B > C .....(i)
C > A > D .....(ii)
समी. (i) व (ii) से,
E > B > C > A > D
इस प्रकार दूसरी सबसे महंगी कार 'B' की है।

247. A, B, C, D और E में प्रत्येक अलग-अलग वजन के हैं, D, A और E से अधिक वजन का है, जबकि B, C और E से कम वजन का है। उनमें से सबसे अधिक वजन किसका है?

(a) A (b) D
(c) C (d) CND

SSC MTS 19/08/2019 (Shift-II)

Ans. (d) : यहाँ हम यह तय नहीं कर सकते कि कौन सबसे ज्यादा वजनी है क्योंकि C और D का कोई तार्किक सम्बन्ध नहीं दिया गया है।
D > A, E
C, E > B

248. A, B से लम्बा है। B, C से छोटा है। D, A से लम्बा है परन्तु C से छोटा है। सबसे लम्बा कौन है?

(a) A (b) B
(c) C (d) D

SSC MTS 11-10-2017 (Shift-III)

Ans. (c) : C > D > A > B अत: C सबसे लम्बा है।

249. P, Q से लम्बा है। Q, R से छोटा है। S, P से लम्बा है परन्तु R से छोटा है। सबसे छोटा कौन है?

(a) Q (b) P
(c) S (d) R

SSC MTS 10-10-2017 (Shift-II)

Ans. (a) : दिया है–
P > Q
R > Q
R > S > P
सबको एक साथ करने पर,
R>S>P>Q
अत: सबसे छोटा Q है।


@Rexstarpdf


13.

कैलेण्डर (Caladar)

TCS पैटर्न पर आधारित (Based On TCS Pattern)			
Typewise	**Exam**	**Question No.**	**Years**
Type-1 कैलेण्डर	CGL (Tier-1)	4	(2017–2023)
	CGL (Tier-2)	2	
	CHSL (Tier-1)	3	
	CHSL (Tier-2)	3	
	Selection Post VII, VIII, XI	5	
	SSC MTS	4	
	SSC GD	4	
	SSC CPO SI	2	
	SSC JE	6	

Trend Analysis of Questions topicwise from CGL (Pre & Mains) CHSL (Pre & Mains) Selection Post XI, SSC MTS, SSC GD, SSC CPO-SI, SSC JE & Other Exams (2017-2023)





@Rexstarpdf

13.

कैलेण्डर (Caladar)

1. यदि 12 दिसंबर 2009 को शनिवार है, तो 16 दिसंबर 2014 को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?

(a) बुधवार (b) गुरूवार
(c) शुक्रवार (d) मंगलवार

SSC MTS 12/09/2023 (Shift-I)

Ans. (d) : 12 दिसंबर 2009 → शनिवार
12 दिसंबर 2010 → रविवार
12 दिसंबर 2011 → सोमवार
12 दिसंबर 2012 → बुधवार (∵ 2012 एक लीप वर्ष है)
12 दिसंबर 2013 → गुरूवार
12 दिसंबर 2014 → शुक्रवार
16 दिसंबर 2014 → शुक्रवार + 4 = मंगलवार

2. यदि 7 मई 2000 को रविवार है, तो 15 जुलाई 2010 को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?

(a) सोमवार
(b) रविवार
(c) शुक्रवार
(d) गुरूवार

SSC MTS 04/09/2023 (Shift-III)

Ans. (d) :
7 मई 2000 → रविवार
7 मई 2001 → सोमवार
7 मई 2002 → मंगलवार
7 मई 2003 → बुधवार
7 मई 2004 → शुक्रवार (2004 एक लीप वर्ष है)
7 मई 2005 → शनिवार
7 मई 2006 → रविवार
7 मई 2007 → सोमवार
7 मई 2008 → बुधवार (2008 एक लीप वर्ष है)
7 मई 2009 → गुरूवार
7 मई 2010 → शुक्रवार

7 मई से 15 जुलाई तक विषम दिनों की संख्या $= \frac{24+30+15}{7}$

$= \frac{69}{7}$

= 6 दिन शेष

अतः 15 जुलाई 2010 का दिन = शुक्रवार + 6 दिन = गुरूवार

3. यदि 3 मई 2010 को सोमवार है, तो 16 दिसंबर 2014 को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?

(a) रविवार (b) शुक्रवार
(c) शनिवार (d) मंगलवार

SSC MTS 05/09/2023 (Shift-II)

Ans. (d) : दिया है -
3 मई 2010 का दिन = सोमवार
3 मई 2011 का दिन = मंगलवार
3 मई 2012 का दिन = गुरूवार (∵ 2012 एक लीप वर्ष है)
3 मई 2013 का दिन = शुक्रवार
3 मई 2014 का दिन = शनिवार
3 मई 2014 से 16 दिसंबर 2014 तक कुल दिन
= 28 + 30 + 31 + 31 + 30 + 31 + 30 + 16
= 227 दिन

∴ कुल विषम दिन $= \frac{227}{7}$ का शेष = 3 दिन

अतः 16 दिसंबर 2014 का दिन = शनिवार + 3 = मंगलवार

4. यदि 2 जून 1995 को शुक्रवार है, तो 16 जून 1996 को सप्ताह का कौन–सा दिन होगा?

(a) सोमवार (b) मंगलवार
(c) बुधवार (d) रविवार

SSC CHSL (Tier-I) 17/08/2023 (Shift-II)

Ans. (d) : 2 जून 1995 - शुक्रवार
2 जून 1995 से 16 जून 1996 तक दिनों की संख्या = 1 लीप वर्ष + 14 दिन
विषम दिनों की संख्या = 2 + 0 = 2 दिन
16 जून 1996 का दिन = शुक्रवार + 2 दिन = रविवार
Note- सामान्य वर्ष व लीप वर्षों में क्रमशः 1 व 2 अतिरिक्त दिन होते है

5. यदि 11 अक्टूबर 1969 को शनिवार है, तो 29 नवंबर 1977 को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?

(a) रविवार (b) शुक्रवार
(c) मंगलवार (d) सोमवार

SSC CHSL (Tier-I) 04/08/2023 (Shift-III)

Ans. (c) : 11 अक्टूबर 1969 - शनिवार
11 अक्टूबर 1969 से 29 नवंबर 1977 तक दिन = 11 अक्टूबर 1969 से 11 अक्टूबर 1977 तक दिन + शेष दिन = 6 सामान्य वर्ष + 2 लीप वर्ष + 11 अक्टूबर 1977 से 29 नवंबर 1977 तक दिन

@Rexstarpdf

11 अक्टूबर 1969 से 29 नवंबर 1977 तक विषम दिन

$= \frac{6+2\times2+(20+29)}{7}$

$= \frac{6+4+49}{7} = 3$ (विषम दिन)

= शनिवार + 3 दिन

= मंगलवार

6. यदि 6 नवंबर 1925 को शुक्रवार है, तो 16 दिसंबर 1933 को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?

(a) सोमवार (b) शनिवार

(c) शुक्रवार (d) गुरुवार

SSC CHSL (Tier-I) 03/08/2023 (Shift-II)

Ans. (b) : 6 नवंबर 1925 - शुक्रवार

